राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
(मध्यप्रदेश का तकनीकी विश्वविद्यालय)
एयरपोर्ट रोड, गांधीनगर, भोपाल (म.प्र.)-४६२०३३
फोन : ०७५५-२७३४६१३, २६७८८९७
फैक्स : ०७५५-२७४२००६
ईपीएबीएस : ०७५५-२६७८८९१, २६७८८८१
ईमेल : registrarrgpv@gmail.com, ooregistrar@rgtu.net
वेबसाईट : www.rgpv.ac.in

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर
NAAC - 'A' Grade

RAJIV GANDHI PROUDYOGIKI VISHWAVIDYALAYA
(State Technological University of Madhya Pradesh)
Airport Road, Gandhi Nagar, Bhopal (M.P.) - 462033
Phone : 0755 - 2734913, 2678897
Fax : 0755 - 2742006
EPABX: 0755 - 2678891, 2678881
Email : registrarrgpv@gmail.com, ooregistrar@rgtu.net
Website : www.rgpv.ac.in

क्रमांक / एफ–3 / प्रशा / रागांप्रौवि / 2019 / 8735 भोपाल, दिनांक 18 / 01 / 2019

प्रति,

(डॉ. एम.आर. धाकड़)
अपर सचिव,
मध्यप्रदेश शासन,
तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग,
मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल।

विषयः– विभागीय वार्षिक प्रतिवेदन बावत्।
संदर्भः– आपका पत्र क्रमांक / 01 / 2724 / 2018 / बयालीस / 2 भोपाल, दिनांक 02.01.2019

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के तारतम्य में विश्वविद्यालय का विभागीय वार्षिक प्रतिवेदन पत्र के साथ हार्ड एवं साफ्ट कॉपी (ई–मेल) द्वारा प्रेषित किया जा रहा है।

कृपया अवलोकन करना चाहें।

संलग्नः– उपरोक्तानुसार।

कुलसचिव
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
भोपाल

पृष्ठां. क्रः / एफ–3 / प्रशा. / रागांप्रौवि / 2019 / 8736 भोपाल, दिनांक 18 / 01 / 2019

**प्रतिलिपिः–**

1. माननीय कुलपति जी के निज सचिव,रागांप्रौवि, भोपाल की ओर सूचनार्थ।
2. कुलसचिव महोदय के स्टॉफ ऑफीसर की ओर सूचनार्थ।

कुलसचिव
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
भोपाल

# राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

(म0प्र0 का तकनीकी विश्वविद्यालय)
एयरपोर्ट बायपास रोड, गांधी नगर, भोपाल –462033
फोन: 0755–2734913 2678801 फैक्स: 0755–2742006

# विभागीय प्रशासकीय प्रतिवेदन 2018

# राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय अधिनियम वर्ष 1998 द्वारा स्थापित है। राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अन्तर्गत मध्यप्रदेश की समस्त अभियांत्रिकीय/फार्मेसी/आर्किटेक्चर एवं पोलीटेकनिक संस्थाओं को एकजाई संबद्धता प्रदान करने, पाठ्यक्रमों के समुचित उन्नयन एवं परीक्षाओं के कुशल संचालन के महत्वपूर्ण कार्य सम्पादित किये जाते है। मध्यप्रदेश राज्य में इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी पाठ्यक्रमों में (आर्किटेक्चर और फार्मेसी सहित) स्नातक उपाधि,पत्रोपाधि और स्नातकोत्तर स्तर पर व्यवस्थित, दक्षतापूर्ण एवं गुणात्मक शिक्षा प्रदान करना विश्वविद्यालय का मूलभूत उद्देश्य है। आधुनिक आवश्यकताओं के परिप्रेक्ष्य में विश्वविद्यालय द्वारा अपने पाठ्यक्रमों एवं परीक्षा प्रणाली में आमूल चूल परिवर्तन किये जा रहे हैं ताकि समस्त कार्य समय–सीमा एवं उत्कृष्टता के साथ संपादित किये जा सके। वर्तमान में राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में प्रो0 सुनील कुमार कुलपति एवं प्रो0 एस.के. जेन, कुलसचिव के पद पर कार्यरत् हैं। विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2018 में समस्त प्रशासनिक एवं शैक्षणिक गतिविधियां सफलतापूर्वक संपादित की गयी। विश्वविद्यालय की समस्त परीक्षाऐं सफलता पूर्वक आयोजित की जाकर सभी परीक्षाओं के परिणाम समय पर घोषित कर दिये गये।

- **विश्वविद्यालय की घटक संस्थाएँः–**

विश्वविद्यालय परिसर में विश्वविद्यालय की घटक संस्था यूनिवर्सिटी इंस्टीयूट टेक्नॉलॉजी (UIT-RGPV Bhopal) पूर्व से स्थापित है। दूरस्थ आदिवासी क्षेत्रों में तकनीकी शिक्षा के प्रचार प्रसार के उददेश्य से प्रदेश में विश्वविद्यालय की दो नवीन घटक संस्थाऐं यथा झाबुआ एवं शहडोल में प्रारंभ की जा चुकी हैं। झाबुआ स्थित महाविद्यालय का नामकरण पूर्व राष्ट्रपति डॉ ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के नाम पर किया गया है। संस्थाओं में संविदा अध्यापको कि नियुक्तियॉ की जा चुकी है एवं अध्यापन कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। संस्थाओं के भवनों के निर्माण की कार्यवाही भी आरंभ की जा चुकी है।

- **वर्ष 2018 में विश्वविद्यालय द्वारा अर्जित की गई महत्वपूर्ण उपलब्धियॉः–**

- **विश्वविद्यालय में लोकपाल की नियुक्तिः–**

भारत के राजपत्र में प्रकाशित (असाधारण) अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् की अधिसूचना दिनांक 25 मई, 2012 (शिकायत निवारण तंत्र की स्थापना विनियम, 2012) एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अधिसूचना कमांक एफ.एन.ओ.–14–4/2012 (सीपीपी–II) नईदिल्ली दिसम्बर, 2012 के अनुक्रम में तथा मध्यप्रदेश शासन, तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग, मंत्रालय, भोपाल के पत्र कमांक/1207/71/2018/42–1 दिनांक 10.09.2018 के अन्तर्गत अन्वेषण समिति की बैठक दिनांक 28. 08.2018 में की गई अनुशंसा अनुसार विश्वविद्यालय के आदेश कमांक/एफ–3/रागांप्रौवि/प्रशा. /2018/8384 भोपाल, दिनांक 21.12.2018 के द्वारा श्री विनोद भारद्वाज, सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश को विश्वविद्यालय में लोकपाल की नियुक्ति संबंधी आदेश जारी कर दिये गये हैं। अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्, नईदिल्ली दिनांक 25 मई, 2012 के अनुसार आगामी कार्यवाही संपादित की जा रही है।

विश्वविद्यालय में समन्वयक (पीआरओ/कोऑर्डिनेटर कल्चरल प्रोग्राम) की नियुक्ति की गई है जिससे विश्वविद्यालय की प्रचार–प्रसार की गतिविधियों एवं सांस्कृतिक गतिविधियां भलीभांति संचालित की जा रही है।

- **राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में स्टार्टअप लीडरशिप कार्यशाला का आयोजन–**

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में स्टार्टअप लीडरशिप के संबंध में दिनांक 11.04.2018 को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में माननीय राज्यपाल महोदया मुख्य अतिथि के तौर पर सम्मिलित हुई। इस कार्यक्रम में माननीय राज्यपाल महोदया द्वारा स्टार्टअप पॉलिसी का विमोचन किया गया। इस आयोजन में विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारीगण/शिक्षकगण/कर्मचारीगण/छात्रगण उपस्थित हुये।

- **राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में सहभागिता का आयोजनः–**

**उन्नत भारत अभियान**–मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा ग्रामीण विकास हेतु प्रारंभ की गयी योजना 'उन्नत भारत अभियान' में देश के प्रमुख रूप से 750 उच्च शिक्षा संस्थानों में राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, भोपाल का राष्ट्रीय स्तर पर तकनीकी श्रेणी में चयन किया गया है। इस योजना के अन्तर्गत उच्च शिक्षा संस्थान ग्रामीण क्षेत्र की अधोसरंचना, शासकीय योजनाओं के कियान्वयन एवं आधारभूत समस्याओं का अध्ययन कर ग्रामीण क्षेत्र का जीवन स्तर उंचा उठाने एवं विकास में सहभागी बनेंगे।

विश्वविद्यालय ने 'उन्नत भारत अभियान' के अन्तर्गत हुजूर तहसील की पंचायतों से पांच गांवों का चयन किया जिनमें ग्राम पंचायत खेजड़ादेव एवं अचारपुरा के पांच गांव बिशनखेड़ी, चांदपुर, डोबरा, खेजडादेव एवं परवाखेड़ा केविकास में भागीदार बनने की जिम्मेदारी विश्वविद्यालय स्तर पर ली है। योजना के प्रथम चरण में रागांप्रौवि के स्नातक, स्नातकोत्तर के छात्र एवं शोधार्थी तथा प्राध्यापक ग्रीष्मकालीन अवकाश में 11 से 15 जून तक पांच गांवों के लगभग 800 परिवारों से सम्पर्क कर सर्वे करते हुये निर्धारित प्रपत्र को पूर्ण करेंगे जिसमें शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी, संसाधनों की वर्तमान स्थिति, आधारभूत सुविधाएं तथा समस्याओं का संकलन शामिल है। सर्वे के दौरान समस्याओं के निदान हेतु ग्रामीणवासियों से प्राथमिकताएं भी पूछी जावेंगी, तदपुरांत आगामी समय में द्वितीय चरण में वर्षभर उक्त गांवों को विश्वविद्यालय के कार्यकारी समूहों द्वारा जिसमें प्राध्यापक एवं छात्र शामिल होंगे, के द्वारा गांवों के सर्वांगीण विकास हेतु तकनीकी मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया जावेगा।

- **ग्रामीण सर्वे एवं विश्लेषण के उपरांत विश्वविद्यालय द्वारा निम्नलिखित मुख्यबिंदुओं पर कार्य किये जाने की योजना–**

1–भूजल संग्रहण से संबंधित कार्ययोजना तैयार करना।
2–अक्षय ऊर्जा के क्षेत्र में सौर एवं बॉयोमास की उपलब्धता एवं उपयोग से संबंधित कार्ययोजना तैयार करना।
3–जैविक खेती के उपयोग एवं लाभों के बारे में ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता कार्यक्रम।
4–वृक्षारोपण एवं ग्राम सफाई कार्यक्रम।
5–ग्रामीण युवाओं हेतु कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम।
6–गांवों में शिक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता अभियान एवं सहयोग

- **'स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप' के अन्तर्गत कार्य योजना–**

विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्ध महाविद्यालयों को 'स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप' हेतु अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं क सकिय भागीदारी एवं प्रोत्साहन हेतु पत्र जारी कर इस अभियान की विस्तृत जानकारी भी प्रदाय की गई है। विश्वविद्यालय द्वारा समस्त छात्र–छात्राओं हेतु 'स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप' से संबंधित जानकारी विश्वविद्यालय के पोर्टल पर भी प्रेषित की गई है।

विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्ध महाविद्यालयों के भाग लेने वाले विद्यार्थियों में से 'स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप' के अन्तर्गत तीन उत्कृष्ट चयनित रिपोर्ट को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने पर उन्हे कमशः

रू0 ,30,000/–रू0 20,000/–रू0 10,000/–धनराशि पुरस्कृत किया जावेगा। उपरोक्त प्रस्ताव को विश्वविद्यालय की कार्यपरिषद् दिनांक 07 मई 2018 द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

'ऑडिट कोर्स ऑन रूरल आउटरिच'–विश्वविद्यालय के आगामी शैक्षणिक सत्र 2018–19 से स्नातक स्तर पर 'ऑडिट कोर्स ऑन रूरल आउटरिच' सम्मिलित किया जा रहा है। विभिन्न नवीन योजनाओं जैसे–स्वच्छ भारत समर इंटर्नशिप/उन्नत भारत अभियान/रूरल आउटरिच इत्यादि के अन्तर्गत अधिक से अधिक विद्यार्थियों को गांवों के विकास एवं स्वच्छता जागरूकता अभियान में सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहन देने के लिए संबंधित महाविद्यालयों के प्रमाणीकरण के आधार पर स्नातक स्तर पर विद्यार्थी को विधिवत् 02 क्रेडिट का प्रावधान किया जाना।

विश्वविद्यालय परिसर में यूआईटी आरजीपीवी एवं विभिन्न शैक्षणिक विभागों में अध्ययनरत छात्रा/छात्राओं हेतु छात्रावास सुविधा उपलब्ध है।

- **आंचलिक केन्द्रों की स्थापनाः–**

राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा छात्रों, शिक्षकों एवं संबद्ध महाविद्यालयों को अपने निकटस्थ केन्द्र पर सारी सुविधाएँ उपलब्ध कराने के उददेश्य से 05 आंचलिक केन्द्रों की स्थापना की जा चुकी है। इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन, सागर में आचंलिक केन्द्र का शुभारम्भ किया जा चुका है। आंचलिक केन्द्रों का गठन छात्रों की परीक्षा एवं विश्वविद्यालय संबंधी जानकारियों के त्वरिण निराकरण करने के उद्देश्य से किया गया है।

- **विश्वविद्यालय के नवीन भवनों का निर्माणः–**

विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन, पुस्तकालय भवन, अतिथि गृह, केफेटेरिया, शौपिंग काम्पलेक्स हॉल, स्कूल ऑफ कम्प्यूटर साइंस एण्ड इनफारमेंशन टेक्नालॉजी, महिला सुविधा केन्द्र, सब स्टेशन, बालक छात्रावास, कॉमन हॉस्टल, मैस, लेक्चर थियेटर एवं बालिका एवं बालक छात्रावास एवं स्कूल ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंस भवनों का निर्माण किया जा चुका है। आडीटोरियम, शैक्षणिक ब्लाक क्र. 9 से 12, स्पोर्ट्स काम्पलेक्स, अतिरिक्त छात्र एवं छात्रावास, पोलिटेक्निक महाविद्यालय भवन, आवासीय डुप्लेक्स ट्रासिंट होस्टल, आवासीय डुप्लेक्स का निर्माण लगभग पूर्ण हो चुका है।

- **विश्वविद्यालय परिसर में स्थापित शैक्षणिक प्रभाग एवं संचालित पाठ्यक्रमः–**

विश्वविद्यालय परिसर में विश्वविद्यालय की घटक संस्था यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजीं एवं शैक्षणिक प्रभाग स्कूल आफ आई.टी., स्कूल आफ फार्मेसी, स्कूल आफ बायोटेक्नोलॉजी, नैनोटेक्नोलॉजी, एनर्जी एंड इनवायरमेंट, मास्टर आफ एप्लाईड मैनेजमेंट, ड्यूल डिग्री पाठ्यक्रम एवं पत्रोपाधि पाठ्यक्रम विभाग संचालित किये जा रहें है।

- **यूआईटी–रागांप्रौविविश्वविद्यालय की घटक संस्थानः–**

यूआईटी–आरजीपीवी की स्थापना सन् 1986 में शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय भोपाल के रूप मे हुई थी। सन 2002 में तत्कालीन भोपाल इंजीनियरिंग महाविद्यालय भोपाल को राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की घटक संस्था घोषित किया गया एवं यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलांजी–राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के रूप में नामांकित किया गया सत्र 2002–03 से इस संस्था में तीन नये स्नातक पाठ्यक्रम प्रारंभ किये। कालांतर मे स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम भी प्रारंभ किये गये। वर्तमान में इस संस्था में चलाये जाने वाले विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों का विवरण निम्नांकित तालिकाओं में दिया गया है। संस्था की प्रथम वर्ष की प्रवेश क्षमता 750 है एवं सभी वर्षो की कुल प्रवेश क्षमता 3144 है। इसके अतिरिक्त संस्था में लगभग 40 अभ्यार्थी पी.एच.डी डिग्री के लिए पंजीयत है।

- **यूआईटी–आरजीपीवी में संचालित विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रमों का विवरणः–**

| क्र. | विवरण | अनुमोदित प्रवेश क्षमता |
|---|---|---|
| 1 | बी.ई.आटोमोबाईल इंजीनियरिंग | 60 |
| 2 | बी.ई.सिविल इंजीनियरिंग | 60 |
| 3 | बी.ई.कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग | 120 |
| 4 | बी.ई.इलेक्ट्रानिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग | 120 |
| 5 | बी.ई.इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रानिक्स इंजीनियरिंग | 60 |
| 6 | बी.ई.इन्फारमेशन टेक्नोलाजी | 60 |
| 7 | बी.ई.मेकेनिकल इंजीनियरिंग | 60 |
| 8 | बी.ई.पेट्रोकेमिकल इंजीनियरिंग | 60 |

- **यूआईटी–आरजीपीवी में संचालित विभिन्न स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों का विवरण**

| क्र. | विवरण | अनुमोदित प्रवेश क्षमता |
|---|---|---|
| 1 | एम.ई. कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग | 18 |
| 2 | एम.ई.डिजिटल कम्यूनिकेशन | 18 |
| 3 | एम.ई. हीट पावर | 18 |
| 4 | एम.ई. पावर सिस्टम | 18 |
| 5 | एम.ई. स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग | 18 |
| 6 | मास्टर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन | 60 |
| 7 | एम.एस.सी.एप्लाईड मैथमेटिक्स | 18 |

| संस्था | विवरण | अनुमोदित प्रवेश क्षमता |
|---|---|---|
| यूआईटी–आरजीपीवी शहडोल | बी.ई.मेकेनिकल इंजीनियरिंग | 60 |
| यूआईटी–आरजीपीवीशहडोल | बी.ई.माईनिंग इंजीनियरिंग | 60 |
| यूआईटी–आरजीपीवी झाबुआ | बी.ई.मेकेनिकल इंजीनियरिंग | 60 |
| यूआईटी–आरजीपीवीझाबुआ | बी.ई.कम्प्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग | 60 |

- **विश्वविद्यालय के शैक्षणिक प्रभागः–**

**विश्वविद्यालय के अंतर्गत 5 शैक्षणिक प्रभाग स्थापित है जिसकी जानकारी निम्नांकित तालिका अनुसार हैः–**

| | | |
|---|---|---|
| स्कूल ऑफ फार्मास्युटिकल्स साइंस | एम.फार्मा. | फार्मास्युटिकल केमिस्ट्री |
| | | फार्मास्युटिक्स |
| | | क्वालिटी ऐशोरेंस |
| स्कूल ऑफ इन्फॉरमेशन टेक्नोलॉजी | एम.टेक | कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी एंड एप्लीकेशन |
| | | इनफारमेशन टेक्नोलॉजी |
| | | साइबर फोरेंसिक |
| | | डाटा साइंसेस |
| स्कूल ऑफ एनर्जी इनवायरमेंट एंड मैनेजमेंट | एम.टेक | एनर्जी टेक्नोलॉजी |
| स्कूल ऑफबायोटेक्नोलॉजी | एम.टेक | बॉयोटेक्नोलॉजी |
| स्कूल ऑफ नैनो टेक्नोलॉजी | एम.टेक | नैनोटेक्नोलॉजी |

- अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् द्वारा जारी किये गये दिशा निर्देशों के अनुरूप सत्र 2017–18 से प्रवेशित छात्रों हेतु नई पाठ्यचर्या एवं पाठ्यक्रम लागू किये गये। इसके अंतर्गत

प्रथम वर्ष के छात्रों हेतु इंडक्शन प्रोग्राम एवं सभी वर्षो हेतु विभिन्न स्तर पर इंटरर्नशिप हेतु व्यवस्था की गई है।

- छात्रों के प्रावधिक डिग्री, माइग्रेशन एवं स्थानांतरण प्रमाण पत्र और अंतिम वर्ष की अंकसूची वितरण हेतु नई व्यवस्था बनाई गई। पूर्व की व्यवस्था में छात्रों को इनको प्राप्त करने हेतु अकादमिक विभाग में जाकर प्रथक से आवेदन करना होता था। नई व्यवस्था में छात्रों को ये सभी प्रमाण पत्र अंतिम सेमेस्टर के परिणाम घोषित होने के दिन एक समारोह में एक साथ वितरित किये जाते है।
- छात्रों के पाठ्यक्रम समाप्ति पर अदेय प्रमाण पत्र हेतु नई व्यवस्था बनाई गई। पूर्व की व्यवस्था में छात्रों को अदेय प्रमाण पत्र हेतु विभिन्न विभागों में जाकर प्रमाण पत्र प्राप्त करना होता था। नई व्यवस्था में छात्रों को अदेय प्रमाण पत्र हेतु (यदि छात्र का कोई बकाया शेष नही है तो) उन्हे किसी भी विभाग में जाने की आवश्यकता नही है। विभाग स्वयं ही छात्रों के अदेय प्रमाण पत्र यूआईटी शाखा को उपलब्ध करवाते है।
- छात्रों की अवधान राशि के वितरण हेतु नई व्यवस्था बनाई गई। पूर्व की व्यवस्था में छात्रों को अवधान राशि हेतु लेखा शाखा में जाकर प्रथक से आवेदन करना होता था एवं अदेय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होता था, तदोपरांत उनके अवधान राशि लेखा शाखा द्वारा उपलब्ध कराई जाती थी, जिसमें कई बार व्यवधान हो जाता था। नई व्यवस्था में छात्रों को इस हेतु प्रथक से आवेदन देने की आवश्यकता नही है, केवल छात्रों को महाविद्यालय की बेवसाईट में जाकर अपने बैंक खाते के संबंध में जानकारी देनी होती है एवं तदोपरांत अकादमिक शाखा द्वारा छात्रों की अवधान राशि छात्रों के खाते में सीधे जमा करवा दी जाती है।
- काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेशित छात्रों के प्रवेश निरस्तीकरण के पश्चात् नियमानुसार फीस वापसी हेतु नई व्यवस्था बनाई गई। पूर्व की व्यवस्था में इस हेतु अकादमिक विभाग द्वारा कार्यवाही कर रिफंड हेतु लेखा शाखा में नस्ती भेजी जाती थी, तदोपरांत लेखा शाखा द्वारा रिफंड संबंधी कार्यवाही की जाती थी, जिसमें कई बार शुल्क वापिसी में व्यवधान हो जाता था। नई व्यवस्था में इस हेतु अकादमिक शाखा को अधिकृत किया गया है जिससे की शुल्क वापिसी की प्रक्रिया त्वरित हो सके।

- **ड्यूल डिग्री इंटीग्रेटेड स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमः–**

विश्वविद्यालय द्वारा ड्यूल इंटीग्रेटेड स्नातकोत्तर डिग्री पाठ्यक्रम में सिविल इंजी0,कम्प्यूटर साइंस इजीनियरिंग,इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रानिक्स एवं टेली कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग, इनफारमेशन टेक्नोलॉजी, एवं मैकेनिकल इंजीनियरिंग संकाय के पाठ्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं ।

- **यूनिवर्सिटी पोलीटेक्निक की शैक्षणिक गतिविधियांः–**

विश्वविद्यालय के यूनिवर्सिटी पोलीटेक्निक रागांप्रौवि की एक संस्था है, जिसमें छात्रों को तकनीकी क्षेत्र में डिप्लोमा उपाधि प्रदान की जाती है। संस्था में वर्ष 2016–17 में यांत्रिक विभाग के छात्र नितेश कुशवाहा एवं उनकी टीम द्वारा एक रेसिंग कार का निर्माण किया गया जो कि उच्च क्षमता एवं कम लागत की थी। इस रेसिंग कार को कबाड़ सेजुगाड़ की तर्ज पर निर्मित किया गया एवं इसकी क्षमता व प्रदर्शन बेजोड था। इस मॉडल को राज्य स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी 'विज्ञान मेला–2018' में प्रावीण्य सूची में स्थान प्राप्त हुआ। इसके अतिरिक्त एक अन्य छात्रा वर्चस्वनी पथिक जो कि इले0 एण्ड टेलीकम्यूनिकेशन विभाग की है, ने भी 'सड़क सुरक्षा' के विषय पर एक मॉडल तैयार किया जो कि हाइवे पर होन वाली दुर्घटना की जानकारी टोल पर भेजेगा जिससे घायलों को उचित इलाज मिल सके, इस मॉडल को भी विज्ञान प्रदर्शनी मे सम्मानित किया गया।

- **विश्वविद्यालय के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक विभागों की गतिविधियांः–**

विश्वविद्यालय के विभिन्न शैक्षणिक विभागों/टेक्यूप परियोजना के अन्तर्गत संपादित किये गये विभिन्न नवाचार कार्यो का विस्तृत विवरण संलग्न **(परिशिष्ट–1)** में दिया गया है।

- **विश्वविद्यालय के अन्तर्गत संचालित विश्वविद्यालय की सम–सामयिक गतिविधियां:–**
- **21 जून 2018 को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम:–**

माननीय राज्यपाल महोदया के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश के समस्त विश्वविद्यालयों एवं उनसे सम्बद्ध महाविद्यालयों में दिनांक 21 जून, 2018 गुरूवार को वृहद स्तर पर अन्तरर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं छात्रगण उपस्थित हुये। विश्वविद्यालय परिसर में भी उक्त कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफलता पूर्वक आयोजन किया गया।

- **गांधी जयन्ती के 150 वें वर्ष के उपलक्ष्य में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन:–**

विश्वविद्यालय में दिनांक 02.10.2018 मंगलवार को गांधी जयन्ती के 150 वें वर्ष के उपलक्ष्य में स्वच्छता अभियान का एक वृहद कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें विश्वविद्यालय के समस्त अधिकारीगण/शिक्षकगण/कर्मचारीगण छात्रगण उपस्थित हुये। इस अवसर पर एवं समस्त विश्वविद्यालय प्रागंण में स्वच्छता मैराथन एवं मंचीय कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।

- **दिनांक 09.10.2018 को विश्वविद्यालय में 'पढ़े भोपाल' का आयोजन:–**

माननीय राज्यपाल महोदया के प्रमुख सचिव के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय प्रांगण में दिनांक 09.10.2018 को 'पढ़े भोपाल' कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 8:30 से 9:15 बजे तक आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के अधिकारीगण/शिक्षकगण/कर्मचारीगण/छात्रगणों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। एवं पुस्तकों का वाचन सामूहिक रूप से किया गया।

- **विभिन्न एम.ओ.यू. का निष्पादन:–**

विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में छात्रहित में प्रतिष्ठित संस्थानों से एम.ओ.यू. हस्ताक्षरित किये गये जो निम्नांकित है:–

1-INTERNSHALA, LOCATED AT GURUGRAM AND RAJIV GANDHI PROUDYOGIKI VISHWAVIDYALAYA DATE-23/02/2018
2-COUNCIL OF SCIENTIFIC & INDUSTRIAL RESSEARCH SOCIETY AND RAJIV GANDHI PROUDYOGIKI VISHWAVIDYALAYA DATE-10/08/2018
3-MEMORANDUM OF UNDERSTANDING FOR PARTNERSHIP BETWEEN NETLINK SOFTWARE PVT LTD. AND RAJIV GANDHI PROUDYOGIKI VISHWAVIDYALAYA Date-23/08/2018
4-ALL INDIA CONCIL FOR TECHNICAL EDUCATION AND RAJIV GANDHI PROUDYOGIKI VISHWAVIDYALAYA Date-20/11/2018

- **विश्वविद्यालय के सर्वोच्च प्राधिकारी कार्यपरिषद की बैठकों का आयोजन:–**

**~~विद्वत परिषद~~ कार्यपरिषद की बैठकें**:–वर्ष 2018–19 में राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा कार्यपरिषद् की तीन बैठकें आयोजित की गयी, जिसमें विश्वविद्यालय के प्रशासनिक, शैक्षणिक एवं वित्तीय प्रस्तावों पर विचार विमर्श कर निर्णय लिये गये एवं विश्वविद्यालय की योजनाओं को कियान्वित किया गया।

**विद्वत परिषद की बैठकें**:–वर्ष 2018–19 में विश्वविद्यालय की विद्वत परिषद की 02 बैठकें आयोजित की गई। जिसमें शैक्षणिक एवं शिक्षा संबंधी नीतियों, शिक्षण की विद्याओं से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार विमर्श कर निर्णय लिये गये।

**वर्तमान शैक्षणिक सत्र 2018–2019** में राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय से 179 इंजीनियरिंग, 43 मास्टर ऑफ कम्प्यूटर एप्लीकेशन, 81 फार्मेसी तथा 05 आर्किटेक्चर महाविद्यालय संबंद्ध है। शैक्षणिक सत्र 2017–2018 में नौ नवीन फार्मेसी महाविद्यानयों यथा–Millennium College of Pharmacy and Science Bhopal, Raghukul College of Pharmacy, Bhopal, Corporate Institute of Pharmacy, Bhopal, Chameli devi Institute of Pharmacy, Indore, Jagadguru Dattatray College of Pharmacy,

Indore, Compfeeders Aisect College of Professional Studies, Pharmacy College Indore, Oxford International College, Indore, Indore Mahavidhyalaya, Indore, Oriental Institute of Pharmacy, Lalburra, Balaghat को संबद्धता प्रदान की गई है। साथ ही राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अन्तर्गत पत्रोपाधि प्रभाग भी संचालित है जिसके द्वारा डिप्लोमा संबंधी परीक्षाऐं एवं शैक्षणिक व्यवस्थाऐं संचालित की जाती है। विश्वविद्यालय से लगभग 248 पॉलोटेक्निक संस्थाऐं (निजी एवं शासकीय) संचालित है। विश्वविद्यालय द्वारा तीन घटक संस्थाऐं यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी, भोपाल, झाबुआ एवं शहडोल में संचालित की जा रही है। संस्थाओं में अध्यापन कार्य सुचारू रूप से चल रहा है। यूआटी शहडोल एवं झाबुआ के भवनों का कार्य प्रगति पर है।

- **विभिन्न पाठ्यक्रमों के स्कीम एवं सिलेबसः–**

विश्वविद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न पाठ्यक्रमों के स्कीम एवं सिलेबस 2018 की अवधि में **Credit Based Grading System** के अंतर्गत सप्तम एवं अष्टम सेमेस्टर के तैयार कर लागू किये गये। तथा इसके साथ ही फार्मेसी पाठ्यक्रम के स्कीम एवं सिलेबस पी.सी.आई., नई दिल्ली के अनुरूप पंचम एवं षष्टम सेमेस्टर के तैयार कर लागू किये गये। तथा एआईसीटीई के मॉडल केरिकुलम के अनुरूप बी.टेक. के तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के पाठ्ययोजना एवं पाठ्यचर्या तैयार कर लागू किये गये है जिस हेतु समय–समय पर बी.टेक. एवं बी.फार्मा के अध्ययन मंडलों की बैठकें आयोजित की गई।

- **विश्वविद्यालय के अध्यादेश :–**

**विश्वविद्यालय के अध्यादेशः**–वर्ष 2018 में Ordinance No 36 – Ordinance for Doctor of Pharmacy (Pharm. D.) and Doctor of Pharmacy (Post Baccalaureate) Annual System तैयार किया गया है।

- **पीएचडी विभाग से संबंधित विवरणः–**

विश्वविद्यालय के 11 अधिकृत शोध केन्द्रों में शोध कार्य किया जा रहा है। वर्ष 2018 में विश्वविद्यालय द्वारा माह फरवरी एवं सितम्बर में आर.डी.सी आयोजित की गई। विश्वविद्यालय द्वारा शोध कार्य हेतु नवीन शोधार्थीयों की लिखित परीक्षा दिनांक 27, जुलाई, 2018 को आयोजित कराई गई, उक्त परीक्षा के सफल आयोजन के उपरान्त 214 नवीन शोधार्थीयों का नामांकन किया गया। वर्ष 2018 में 26 पी.एस.डी.सी. आयोजित कराई गई एवं वर्ष 2018 में 20 शोधार्थियों को पी.एच.डी. उपाधि से अलंकृत किया गया।

विश्वविद्यालय में गत 10–12 वर्षो से कार्यरत दैनिक वेतन/नियत वेतन पर कार्यरत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों को सामान्य प्रशासन विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा जारी मार्गदर्शी नियमों के अनुसार स्थायी कर्मी का दर्जा प्रदान करने हेतु कार्यवाही कर दी गई है।

विश्वविद्यालय के गैर शैक्षणिक पदों पर कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सेवानिवृत्ति की आयु शासन के आदेशानुसार 60 से 62 वर्ष किये जाने के आदेश विश्वविद्यालय में लागू कर दिये गये हैं।

विश्वविद्यालय के गैरशिक्षकीय अधिकारियों/कर्मचारियों को शासन की अधिसूचना के अनुरूप सातवें वेतनमान का लाभ दिया जा चुका है।

तकनीकी शिक्षा की गुणवत्ता में वृद्धि करने एवं अकादमिक कार्यो में उत्कृष्ठता हासिल करने के उद्देश्य से भोपाल स्थित निजी महाविद्यालयों के प्राचार्यो एवं छात्रों के साथ निरंतर संवाद स्थापित किया जा रहा है, ताकि उनकी अकादमिक एवं अन्य समस्याओं तथा आकांक्षाओं (asprations) एवं अपेक्षाओं के अनुरूप वांछित सुधार लाए जा सकें।

- **परीक्षा संबंधी गतिविधियांः–**

**विश्वविद्यालय के परीक्षा प्रभाग द्वारा परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार एवं सुविधाऐं प्रदान की जा रही है, जो निम्नानुसार हैः–**

शैक्षणिक सत्र 2017–18 से इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में हिंदी भाषा में भी प्रश्नपत्रों का निर्माण एवं उत्तर लिखने की सुविधा का समावेश।

लोकसेवा गांरटी योजना के अंतर्गत छात्रों को 8 प्रकार की सेवाओं का ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करना। डिजिटल ट्रान्सक्रिप्ट की ऑनलाइन सुविधा प्रदान किये जाने हेतु कार्यवाही।

शैक्षणिक सत्र 2018–19 से अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्, नईदिल्ली द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रम/पाठ्यचर्या का इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में सभी इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में एक समान रूप से समावेश।

शैक्षणिक सत्र 2018–19 से फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया, नईदिल्ली द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रम/पाठ्यचर्या का फार्मेसी पाठ्यक्रम में एक समान रूप से समावेश।

एम.ई./एम.टेक./एम. फार्मेसी पाठ्यक्रम के अंतिम सेमेस्टर में महाविद्यालय स्तर पर ऑनलाइन थीसिस का सबमिशन।

एम.ई./एम.टेक./एम. फार्मेसी पाठ्यक्रम के अंतिम सेमेस्टर में महाविद्यालय स्तर पर बाह्य–परीक्षक का ऑनलाइन ऑटोमेटिक जनरेशन।

परीक्षा विभाग में ग्रेडिंग सिस्टम के अंतर्गत आने वाले छात्रों के परीक्षा परिणाम समय पर तैयार कर जारी किये गये है। समस्त स्नातकोत्तर परीक्षाओं के परिणाम भी समय पर जारी कर दिये गये है। मई–जून, 2018 एवं दिसम्बर की परीक्षाऐं एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार समय पर आयोजित की गई। मूल्यांकन/परीक्षा परिणाम की कार्यवाही प्रगति पर है।

विश्वविद्यालय के सम्बद्ध महाविद्यालयों में अध्ययनरत् कुल छात्रों की संख्या 251389 है।

- **विश्वविद्यालयीन परीक्षा संचालन संबंधी गतिविधियाँः–**

i राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक केलेण्डर के अनुरूप ही विश्वविद्यालय द्वारा समस्त पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं का आयोजन तथा उनके परीक्षा परिणाम घोषित किये जाते हैं।

ii विश्वविद्यालय द्वारा सर्विस पोर्टल के माध्यम से समस्त छात्रों को ऑन–लाईन परीक्षा आवेदन–पत्र भरने की सुविधा प्रदान की गई है।

iii छात्रों को विभिन्न परीक्षा संबंधी जानकारियॉं भी वेब–पार्टल के माध्यम से समय पर प्रदान की जा रही हैं एवं छात्रों को उनके परीक्षा परिणाम भी आनलाईन माध्यम से मोबाइल पर प्रेषित किये जा रहे हैं।

- **विश्वविद्यालय के परीक्षा प्रभाग द्वारा परीक्षा प्रणाली में व्यापक सुधार एवं सुविधाऐं प्रदान की जा रही है, जो निम्नानुसार हैः–**

iv शैक्षणिक सत्र 2018 से इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम में हिंदी भाषा में भी प्रश्नपत्रों का निर्माण एवं उत्तर लिखने की सुविधा का समावेश।

v लेकसेवा गांरटी योजना के अंतर्गत छात्रों को 8 प्रकार की सेवाओं का ऑनलाइन आवेदन प्राप्त करना।

vi डिजिटल ट्रान्सक्रिप्ट की ऑनलाइन सुविधा प्रदान किये जाने हेतु कार्यवाही।

vii शैक्षणिक सत्र 2018–19 से अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्, नईदिल्ली द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रम/पाठ्यचर्या का इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में सभी इंजीनियरिंग महाविद्यालयों में एक समान रूप से समावेश।

viii शैक्षणिक सत्र 2018–19 से फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया, नईदिल्ली द्वारा अनुमोदित पाठ्यक्रम/पाठ्यचर्या का फार्मेसी पाठ्यक्रम में एक समान रूप से समावेश।

ix एम.ई./एम.टेक./एम. फार्मेसी पाठ्यक्रम के अंतिम सेमेस्टर में महाविद्यालय स्तर पर ऑनलाइन थीसिस का सबमिशन।

x एम.ई./एम.टेक./एम. फार्मेसी पाठ्यक्रम के अंतिम सेमेस्टर में महाविद्यालय स्तर पर बाह्य–परीक्षक का ऑनलाइन ऑटोमेटिक जनरेशन।

xi परीक्षा विभाग में ग्रेडिंग सिस्टम के अंतर्गत आने वाले छात्रों के परीक्षा परिणाम समय पर तैयार कर जारी किये गये है। समस्त स्नातकोत्तर परीक्षाओं के परिणाम भी समय पर जारी कर दिये गये है। मई–जून, 2018 एवं दिसम्बर की परीक्षाऐं एकेडमिक कैलेंडर के अनुसार समय पर आयोजित की गई। मूल्यांकन/परीक्षा परिणाम की कार्यवाही प्रगति पर है।

- **विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग से संबंधित प्रगति प्रतिवेदन निम्नानुसार है:–**

**विश्वविद्यालय का शैक्षणिक कैलेण्डर:–**

विश्वविद्यालय के अंतर्गत समस्त पाठ्यक्रम सेमेस्टर पद्धति पर संचालित किए जाते हैं। इसमें विषम सेमेस्टर जुलाई–दिसंबर में एवं सम सेमेस्टर जनवरी–मई में निम्नानुसार संचालित होते हैं।

## ACADEMIC CALENDER FOR THE YEAR 2018-2019
## FOR DEGREE PROGRAMMES

| S.No. | Particular | Odd Semester | Even Semester |
|---|---|---|---|
| 01. | Duration of Semester | July 2018 to December 2018 | January 2019 to June 2019 |
| 02. | Admission | 15 june to 15 August 2018 | ----- |
| 03. | Commencement of academic session<br>III/V/VII Semester<br>I Semester | $02^{nd}$ July 2018<br>$16^{th}$ july 2018 | $01^{st}$ January 2019 |
| 04. | Orientation/Induction (for $1^{st}$ Semester) | $16^{th}$ july 2018<br>05 Aug 2018 | ---- |
| 05. | I Sessional Exam/Mid Sem. | 04-06 September 2018 | 11-15 February 2019 |
| 06. | II Sessional Exam/Mid Sem. | 29-31 October 2018 | 11-15 March 2019 |
| 07. | Dussehra Holidays | 17-21 October 2018 | ---- |
| 08. | Submission of exam. Form<br>(i) Without Late Fee<br>(ii) With Late Fee of Rs. 500.00 | 22-31 October 2018<br>01-03 November 2018 | 10-18 April 2019<br>19-22 April 2019 |
| 09. | Diwali Vaction | 04-11 November 2018 | ---- |
| 10. | Last date of Teaching<br>I/III/V/VII Semester | $15^{th}$ November 2018 | $16^{th}$ April 2019 |
| 11. | Submission of internal marks to University | 04-20 November 2018 | 23 April-06 May 2019 |
| 12. | Special/Extra Classes/Preparatory Leave<br>I/III/V/VII Semester | 16-20 November 2018 | 18-22 April 2019 |
| 13. | End Semester Examination<br>(i)Practical Examination<br>(ii)Theory | 19-30 November 2018<br>01-22 Decembar 2018 | 23-30 April 2019<br>01-22 May 2019 |
| 14. | End Semester Break/Internship | 23-31 Decembar 2018 | 01-30 June 2018 |
| 15. | Winter*/Summer Vaction for teachers | 23-31 Decembar 2018 | 01-30 June 2018 |
| 16. | Declaration of result of final semester | $10^{th}$ January 2019 | $31^{st}$ May 2019 |
| 17. | Declaration of results of remaining semesters | $31^{th}$ January 2019 | $30^{th}$ June 2019 |

*Winter Vacation applicaticable for students only.

- **छात्र हितग्राही गतिविधियाँ:–**
- **ट्रेनिंग प्लेसमेंट गतिविधियाँ:–** विश्वविद्यालय द्वारा वर्ष 2018–19 में आयोजित विभिन्न कैम्पस प्लेसमेंट का विवरण निम्नानुसार है:–

| S.No. | Programme | Date |
|---|---|---|
| 1. | Students Orientation seminar By department of Atomic Energy (GOI) | 22nd Jan 2018 |
| 2. | Students Development Programme. Demonstration on setup usage of Cloud | 23rd Jan 2018 |
| 3. | One day Faculty Development Programme by Tata Consultancy Services on Topic of - Experiential Learning : Project Management. | 2nd Feb 2018 |
| 4 | One day Training & Placement Officers' Meet at RGPV, Bhopal | 27th Feb 2018 |
| 5 | State level two days Startup Leadership Workshop (SLW) at RGPV | 27th & 28th March 2018 |
| 6 | Two days Start-up Leadership Workshop in association with AICTE, New Delhi | 11th & 12th April 2018 |
| 7 | Remote Internship Program of TCS | 31st May 2018 |
| 8 | Campus to Corporate World Programme<br>(Certificate from State University New York) | 1st June 2018 |
| 9 | Campus Drive of M/s Netlink Software | 25th June 2018 |
| 10 | Pre-Campus Training Program for TCS Digital Hiring | 11th & 12th July 2018 |
| 11 | Campus Drive of M/s Tata Consultancy Services | 20th July 2018 |
| 12 | Special Session by US Consulate, Mumbai on Following Topic.<br>1. About the U.S. visa system.<br>2. Opportunity in U.S. education.<br>3. Application procedure for study in US | 6th August 2018 |
| 13 | MoU signed with Internshala to help students find internships. | 10th Sep 2018 |
| 14 | IBM Off Campus Selection Drive for 2017 / 2018 passed out students | 3rd Dec. 2018 |

- विश्वविद्यालय द्वारा सत्र 2018–19 में विश्वविद्यालय से संबंधित संस्थाओं में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। खेलकूद प्रतियोगिता का विवरण **(परिशिष्ट–2)** पर संलग्न है।

- **विश्वविद्यालय में नामंकित छात्र–छात्राओं को आकस्मिक दुर्घटना सहायता की योजना:–**

विश्वविद्यालय से संबंद्ध महाविद्यालयों में अध्यनरत् छात्र–छात्राओं को आकस्मिक दुर्घटना सहायता की योजना विश्वविद्यालय द्वारा शैक्षणिक सत्र 2018–19 के लिये निरंतर की गई है। विश्वविद्यालय से संबंद्ध समस्त इंजी. महाविद्यालय, फार्मेसी, आर्किटेक्चर, एम.सी.ए. पाठ्यक्रम में अध्यनरत नियमित स्नातक, स्नातकोत्तर एवं डिप्लोमा छात्र छात्राओं के लिए आकस्मिक दुर्घटना में मृत्यु/स्थाई अपंगता होने पर संबंधित साक्ष्यो एवं प्रतिपूर्ति दावा प्राप्त होने पर विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति द्वारा परीक्षण कर 10 छात्र–छात्राओं के दुर्घटना मृत्यु प्रकरण में विश्वविद्यालय द्वारा उनके अभिभावको को रू. 20,00,000/–(रूपये बीस लाख मात्र) राशि की सहायता राशि प्रदान की गई।

- **रैगिंग रोकथाम संबंधी–**

विश्वविद्यालय द्वारा समय समय पर रैगिंग रोकथाम हेतु विश्वविद्यालय से संबंद्ध समस्त संस्थाओं/इंजीनियरिंग महाविद्यालयों के प्राचार्यो/संचालकों को सुझाव एवं निर्देश दिये जाते है, ताकि रैगिंग के संबंध में जीरो टॉलरेंस की नीति का शतप्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके । विश्वविद्यालय द्वारा समय समय पर संस्थाओं में जाकर निरीक्षण किया जाता है एवं रैगिंग रोकथाम हेतु पोस्टरों को महाविद्यालय में चस्पा करवाने हेतु वितरित किये जाते हैं। साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा महाविद्यालयों में स्थापित एन्टी रैगिंग कमेटी से चर्चा की जाती है तथा रैगिंग रोकथाम हेतु नवीन सुझावों पर भी विचार किया जाता है । विश्वविद्यालय को प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण किया जाता है।

वर्ष 2015–16 एवं 2016–17 हेतु कुलाधिपति छात्रवृत्ति वितरण कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 23 फरवरी, 2018 को आयोजित किया गया। माननीय राज्यपाल महोदया कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थी। विगत वर्षो

की भांति (विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों में अध्ययनरत् छात्रों हेतु) कुलाधिपति छात्रवृत्ति का वितरण प्रथम, तृतीय, पंचम एवं सप्तम सेमेस्टर के थ्योरी मे सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को दिया गया।

- **विश्वविद्यालय की विभिन्न सेवाओं हेतु सिटीजन चार्टर का निर्धारण।**

कार्य परिषद् की 57 वीं बैठक में लिये गये निर्णयानुसार विद्वत परिषद की स्थायी समिति के सदस्यों ने विस्तृत विचार विमर्श उपरांत विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग हेतु निम्न सिटीजन चार्टर का निर्धारण लागू किया गया है :—

1. Name Correction – with in 15 days
2. Duplicate Mark sheet- with in 15 days
3. Degree Processing (2010-11) with in 15 days
4. Degree processing before 2010 with in 30 days
5. Appointment of Examiner for Ph.D with in 30 days
6. Syllabus must be published 1 Month before commencement of next semester.
7. Result Declaration in ordinary condition 15th of June
8. Tentative Academic calendar must be published before 30th April.
9. Appointment of Examiner for PG students with in 15 days of submission of dissertation report in the University.
10. Examination committee for appointment of examinee for PG students should meet in every seven days.
11. Published syllabus before 1 month of commencement of session.
12. Examination time table must be published with in 7 days after completion of provision sem exam.

- **राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की वित्तीय स्थिति (राजस्व एवं व्यय):—**

**विश्वविद्यालय के वित्त कक्ष से संबंधित जानकारी:—**

**विश्वविद्यालय का राजस्व एवं व्यय:—**

(रू0 लाख में)

| वित्तीय वर्ष | सकल आय | सकल व्यय |
|---|---|---|
| 2017—2018 | 13176.42 | 8088.47 |

**विश्वविद्यालय की सावधि जमा:—**

वित्तीय वर्ष 2017—2018 में विश्वविद्यालय की सावधि जमा मद में निवेश रू0 5,05,92,03,071 है।

**विश्वविद्यालय का कार्पस फण्ड:—**

वित्तीय वर्ष 2017—2018 में विश्वविद्यालय के कार्पस फण्ड मद में निवेश रू0 3,42,86,91,240 है।

**विश्वविद्यालय का Research Development & Innovation Fund:-**

वित्तीय वर्ष 2017—2018 में विश्वविद्यालय के Research Development & Innovation Fund मद में निवेश रू0 13,65,13,732 है।

**विश्वविद्यालय का Research Development & Innovation Fund:-**

वित्तीय वर्ष 2017—2018 में विश्वविद्यालय के Research Development & Innovation Fund मद में निवेश रू0 13,90,24,364 है।

**विश्वविद्यालय का Teachers welfare Fund:-**

वित्तीय वर्ष 2017—2018 में विश्वविद्यालय के Teachers welfare Fund मद में निवेश रू0 2,54,03,606 है।

**विश्वविद्यालय का प्रशासनिक मुख्यालयः–**

विश्वविद्यालय का मुख्यालय एयरपोर्ट रोड, गांधी नगर, भोपाल में स्थित है। इस मुख्यालय से विश्वविद्यालय के प्रशासनिक/स्थापना/अकादमिक/वित्तीय एवं परीक्षा संबंधी कार्यों का संचालन किया जाता है। सम्पूर्ण शाखाओं के कम्प्यूटरीकरण और आटोमेशन का विशेष ध्यान रखा गया है। विश्वविद्यालय की वेब साईट का पता **www.rgpv.ac.in** है, यू.आई.टी की वेबसाइट का पता **http://uitrgpv.ac.in/** है, एवं विश्वविद्यालय के एलुमिनाई पोर्टल की वेबसाइट का पता **www.rgpvcampusalumni.in** है। इन वेबसाइट पर विश्वविद्यालय एवं संस्था द्वारा संचालित समस्त महत्वपूर्ण गतिविधियों एवं विश्वविद्यालय के अध्यादेश/परिनियमों/परीक्षा परिणामों इत्यादि का अवलोकन किया जा सकता है ।

कुलसचिव
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
भोपाल

परिशिष्ट-1


**RAJIV GANDHI PROUDYOGIKI VISHWAV[illegible]**

(State Technological University of M[illegible])

**[Accredited with 'A' gr**

**Office of TEQIP-III**

Airport Road, Gandhi Nagar, Bhopal – 462033

Ph.No:0755-2678805, 9425125401

E-Mail – rgpvteqip@rgtu.net, website: www.rgpv.ac.in


Ref. No: RGPV/TEQIP-III/2018/(02)/42

Bhopal, Date: 15-11-2018

प्रति,

कुलसचिव
राजीव गांधी प्रोधोगिकी विश्वविद्यालय
भोपाल।

विषय :– विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2016–17 से आज दिनांक तक TEQIP-III के अंतर्गत किये गये कार्यक्रम की जानकारी प्रस्तुत करने बावत्।

संदर्भ :– रागाप्रौवि का पत्र क्रं. 6688, दिनांक 23/10/2018.

–000–

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्रानुसार विश्वविद्यालय द्वारा तकनीकी शिक्षा एवं गुणवत्ता सुधार कार्यक्रम के तृतीय चरण के अंतर्गत आयोजित किये गये कार्यक्रमों की सूची (Annexure-1) पर संलग्न है। जिसमें समस्त गतिविधियाँ विश्वविद्यालय से एफिलियेटेड शैक्षणिक संस्थाओं के शिक्षकों एवं छात्र – छात्राओं के शैक्षणिक उन्नयन, Research, Innovation, Creativity, Start-up, Employability, Internship, Induction Program, SWAYAM, SWAYAM Prabha, संस्थाओं के NBA Accreditation पर केंद्रित है। इसके अतिरिक्त कोई भी नवाचार कार्यक्रम (Innovative Work) TEQIP-III के अंतर्गत नहीं किया गया है।

(डॉ. एस.सी. चौबे)
Coordinator
TEQIP – PHASE III

संलग्नः–

1. List of activities during academic year 2017-18 till date under TEQIP-III. (Annexure-1)

Annexure-I

# RAJIV GANDHI PROUDYOGIKI VISHWAVIDYALAYA

(State Technological University of Madhya Pradesh)
[Accredited with 'A' grade by NAAC]

**Office of TEQIP-III**

Airport Road, Gandhi Nagar, Bhopal – 462033
Ph.No:0755-2678805 website: www.rgpv.ac.in

## List of Activities during Academic Year 2017-18 till date under TEQIP-III

1. One day workshop on "Mandatory Internship & Induction Program" on 02nd January 2018 organized under TEQIP-III for RGPV affiliated institutions to conduct an Induction Training program for 1st year degree students admitted in this academic session 2017-18 in their concerning institutions.
2. One day workshop organised by Department of Civil Engineering UIT-RGPV on 'Crime free India & Road Safety' on 09th Jan 2018 under TEQIP-III
3. One day Workshop on 'Live with Tanmay Bakshi' organised by e - Entrepreneurship Cell RGPV on 10th January 2018 at RGPV, Bhopal under TEQIP-III.
4. Induction Program conducted in RGPV affiliated institutions during 15.01.2018 to 19.01.2018 as per AICTE guidelines. Institute has notified all the students of B.Tech 1st Year to attend the induction program compulsorily.
5. Meeting cum discussion on Vision & Mission of the University and departments of RGPV and its affiliated institutes organised by RGPV under TEQIP-III on 16th January 2018.
6. One day "Workshop and Hands on Training on Power Protection" organised by Department of Electrical & Electronics Engineering UIT-RGPV on 29th Jan 2018 under TEQIP-III. Shri Akshay Sharma, Project Engineer (T&D), Power Grid Corporation of India Ltd., Betul (M.P.) was the speaker.
7. Faculty Development Program (FDP) on "Machine Learning for Data Science & Analytics using Python" organised by RGPV under TEQIP-III at the department of Computer Science & Engg., SISTec, Bhopal during 30.01.2018 to 03.02.2018 for the faculties of RGPV affiliated institutions.
8. Faculty Development Program (FDP) on "Integration of Renewable Energy Based AC/DC Coupled Microgrid" organised by RGPV under TEQIP-III at the department of Electrical & Electronics Engg., OIST, Bhopal during 05.02.2018 to 09.02.2018 for the faculties of RGPV affiliated institutions.
9. Faculty Development Program (FDP) on "Advanced Materials and Technologies in Civil Engineering" organised by RGPV under TEQIP-III at the department of Civil Engg. during 05.02.2018 to 09.02.2018 for the faculties of RGPV affiliated institutions.
10. Short Term Training Program (STTP) on "Power Electronics Devices and their Applications in Power System" organised by RGPV under TEQIP-III at the department of Electrical & Electronics Engg., TIT during 08/02/2018 to 10/02/2018 for the faculties of RGPV affiliated institutions.

RGPV affiliated institutions.

23. One - day "Technical Poster Making Competition" organised by department of Computer Science Engineering & ACM student chapter of UIT-RGPV on 10th April 2018 at RGPV, Bhopal under TEQIP-III for the students of UIT & RGPV affiliated institutions.

24. Two days "Start-up Leadership Workshop" organised by RGPV during 11th-12th April 2018 under TEQIP-III.

25. One day workshop on 'Introduction to the world of media & theatre' organised by RGPV under TEQIP – III on 16th April 2018 at RGPV, Bhopal for the students of RGPV affiliated institutions.

26. One day workshop on "NBA accreditation" for the HODs and faculties of RGPV affiliated institutions of Indore regional centre organised by RGPV at SGSITS Indore during 12th -13th April 2018. Prof. Vikas M Phalle, VJTI, Mumbai was the expert for the workshop.

27. Faculty Development Program (FDP) on "IC Engine, Alternative Fuels & Emissions" organised by RGPV under TEQIP-III at the department of Mechanical Engg., LNCT, Indore during 23.04.2018 to 27.04.2018 for the students of RGPV affiliated institutions.

28. Faculty Development Program (FDP) on "Sensing Based IOT & Cloud Computing" organised by RGPV under TEQIP-III at the department of Electronic Communication & Computer Science Engg., Alpine Institute of Tech. Ujjain, during 24.04.2018 to 28.04.2018 for the students of RGPV affiliated institutions.

29. One day workshop on "NBA accreditation" for the HODs and faculties of RGPV affiliated institutions at RGPV Bhopal during 27-28 April 2018. Dr Shaila Subbaraman, Walchand College of Engineering, Sangli, and Maharashtra was the expert for the workshop.

30. Two days' workshop on 'Secure Digital Transaction in Digital India' organised by department of Computer Science Engg., UIT-RGPV for the faculties and students of RGPV affiliated institutions.

31. International Round Table deliberation on "CSP for Joint Collaborative Research between International Industry with Indian Industry & Academia" organised by School of Energy & Environment Management (SoEEM) - RGPV on 05th may 2018 at RGPV Bhopal under TEQIP-III.

32. Faculty Development Program (FDP) on "Performance of electrical Machines" organised by RGPV under TEQIP-III at the department of Electrical &Electronics Engg., LNCT, Bhopal during 14.05.2018 to 18.05.2018 for the students of RGPV affiliated institutions.

33. Two days Short Term Training Program (STTP) on "Hardware in Loop Control for Power Electronics and Electric Drives Application" organised by Department of Electrical & Electronics Engineering, UIT-RGPV during 16th – 17th May 2018 under TEQIP-III for the faculties of RGPV affiliated institutions.

34. Faculty Development Program (FDP) on "Sensing Based IOT & Cloud Computing" organised by RGPV at the department of Electronic Communication & Computer Science Engg., Alpine Institute of Technology, Ujjain, during 24.04.2018 to 28.04.2018 under TEQIP-III.

48. One day "Internship Awareness Drive" organised by RGPV under TEQIP-III on 11th September 2018 for the students of RGPV affiliated institutions. Mr. Shadab Alam, Head-Corporate Relations, Internshala was the expert for the above program.

49. Short Term Training Program (STTP) on "Machine Learning Approaches and its Role in Internet of Things (IoT)" by the department of Computer Science & Engg., SISTec, Bhopal, during 15/09/2018 to 17/09/2018 under TEQIP-III.

50. One day workshop on "NBA accreditation" organised by RGPV under TEQIP-III for the HODs and faculties of RGPV affiliated institutions at Sushila Devi Basal College of Technology, Indore on 26th September 2018.

51. One day seminar on "Current Frontiers in Diabetes Management" organised by School of Pharmaceutical Sciences, RGPV on 26th September 2018 under TEQIP-III.for the students of RGPV affiliated institutions.

52. One Day Coding Competition "Code Compete & Eat" organised by department of Computer Science Engineering, UIT-RGPV on 04.10.2018 at RGPV, Bhopal under TEQIP-III for the students of RGPV affiliated institutions.

53. Madhya Pradesh Tech Innovation Challenge 2018 organised by RGPV on 12th October 2018 at RGPV, Bhopal under TEQIP-III for the students of RGPV affiliated institutions.

**Prof. S.C. Choube**
Coordinator, TEQIP-III
RGPV Bhopal

विषयः विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2016–17 से आज दिनांक तक किये गये नवाचार कार्यक्रम (Innovative Work) के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराने बावत् ।

संदर्भः कुलसचिव कार्यालय से प्रेषित पत्र दिनांक 23/10/2018

उपरोक्त विषयांतर्गत अकादमिक शाखा द्वारा उपरोक्त उल्लेखित अवधि में किये गये नवाचार कार्यक्रम निम्नानुसार है:–

1. छात्रों के पाठ्यक्रम समाप्ति पर अदेय प्रमाण पत्र (No dues Certificate) हेतु नई व्यवस्था बनाई गई । पूर्व की व्यवस्था में छात्रों को अदेय प्रमाण पत्र हेतु विभिन्न विभागों में जाकर प्रमाण पत्र प्राप्त करना होता था । नई व्यवस्था में छात्रों को अदेय प्रमाण पत्र हेतु (यदि छात्र का कोई बकाया शेष नही है तो) उन्हे किसी भी विभाग में जाने की आवश्यक्ता नही है, विभाग स्वयं ही छात्रों के अदेय प्रमाण पत्र अकादमिक शाखा को उपलब्ध करवाते है ।
2. छात्रों के प्रावधिक डिग्री, माइग्रेशन एवं स्थानांतरण प्रमाण पत्र और अंतिम वर्ष की अंकसूची वितरण हेतु नई व्यवस्था बनाई गई । पूर्व की व्यवस्था में छात्रों को इनको प्राप्त करने हेतु अकादमिक विभाग मे जाकर प्रथक से आवेदन करना होता था । नई व्यवस्था में छात्रों को ये सभी प्रमाण पत्र अंतिम सेमेस्टर के परिणाम घोषित होने के दिन एक समारोह में एक साथ वितरित किये जाते है ।
3. छात्रों की अवधान राशि के वितरण हेतु नई व्यवस्था बनाई गई । पूर्व की व्यवस्था में छात्रों को अवधान राशि हेतु लेखा शाखा मे जाकर प्रथक से आवेदन करना होता था एवं अदेय प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होता था, तदोपरांत उनके अवधान राशि लेखा शाखा द्वारा उपलब्ध कराई जाती थी, जिसमें कई बार व्यवधान हो जाता था। नई व्यवस्था में छात्रों को इस हेतु प्रथक से आवेदन देने की आवश्यक्ता नही है, केवल छात्रों को महाविद्यालय की वेवसाईट में जाकर अपने बैंक खाते के संबंध में जानकारी देनी होती है एवं तदोपरांत अकादमिक शाखा द्वारा छात्रों की अवधान राशि छात्रों के खाते में सीधे जमा करवा दी जाती है ।
4. काउंसिलिंग के माध्यम से प्रवेशित छात्रों के प्रवेश निरस्तीकरण के पश्चात नियमानुसार फीस वापसी हेतु नई व्यवस्था बनाई गई । पूर्व की व्यवस्था में इस हेतु अकादमिक विभाग द्वारा कार्यवाही कर रिफंड हेतु लेखा शाखा में नस्ती भेजी जाती थी तदोपरांत लेखा शाखा द्वारा रिफंड संबंधी कार्यवाही की जाती थी, जिसमें कई बार शुल्क वापसी में व्यवधान हो जाता था। नई व्यवस्था में इस हेतु अकादमिक शाखा को अधिकृत किया गया है जिससे की शुल्क वापसी की प्रक्रिया त्वरित हो सके।
5. अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा जारी किये गये दिशा निर्देशों के अनुरूप सत्र 2017–18 से प्रवेशित छात्रों हेतु नई पाठ्यचर्या एवं पाठ्यक्रम लागू किये गये । इसके अंतर्गत प्रथम वर्ष के छात्रों हेतु इंडक्शन प्रोग्राम एवं सभी वर्षों हेतु विभिन्न स्तर पर इंट्रनशिप हेतु व्यवस्था की गई है ।

...धी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
...तकनीकी विश्वविद्यालय)
..., गांधीनगर, भोपाल (म.प्र.)-४६२०३३
...७५५-२७३४९१३, २६७८८६७
... ०७५५-२७४२००६
...बीएस : ०७५५-२६७८८६१, २६७८८८१
...मेल : registrarrgpv@gmail.com, ooregistrar@rgtu.net
वेबसाईट : www.rgpv.ac.in

NAAC - 'A' Grade

...GANDHI PROUDYOGIKI VISHWAVIDYALA...
(State Technological University of Madhya Prade...
Airport Road, Gandhi Nagar, Bhopal (M.P.) - 4620...
Phone : 0755 - 2734913, 26788...
Fax : 0755 - 27420...
EPABX: 0755 - 2678891, 26788...
Email : registrarrgpv@gmail.com, ooregistrar@rgtu.n...
Website : www.rgpv.ac...

क्रमांक/एफ–3/प्रशा/रागांप्रौवि/2018/6808 भोपाल, दिनांक / /10/2018

**//स्मरण–पत्र//**

प्रति,

प्रो. [handwritten, struck through]
ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट ऑफीसर
रागांप्रौवि, भोपाल।

विषयः– विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2016–2017 से आज दिनांक तक किये गये नवाचार कार्यक्रम (Innovative Work) के संबंध में जानकारी उपलब्ध कराने बावत्।

संदर्भः– कुलसचिव कार्यालय से प्रेषित पत्र दिनांक 23.10.2018

उपरोक्त विषयान्तर्गत संदर्भित पत्र के द्वारा राजभवन सचिवालय से प्राप्त पत्र के संदर्भ में जानकारी तीन दिवस के अंदर अधोहस्ताक्षरकर्ता को साफ्ट एवं हार्ड कॉपी में उपलब्ध कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया था, परन्तु संबंधित जानकारी आज दिनांक तक अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय में अप्राप्त है। अतः तत्काल प्रभाव से जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता कार्यालय में उपलब्ध करावें, ताकि संबंधित जानकारी राजभवन को प्रेषित की जा सके।

कुलसचिव
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
भोपाल

पृष्ठां. क्र./एफ–3/प्रशा./रागांप्रौवि/2018/6809 भोपाल, दिनांक : / /10/2018

**प्रतिलिपिः–**

T&P-449
02-11-18

1. मा0 कुलपति महोदय के निज सचिव/माननीय कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. कुलसचिव महोदय के स्टॉफ ऑफीसर की ओर सूचनार्थ।

कुलसचिव
राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
भोपाल

विश्वविद्यालय के शैक्षणिक सत्र 2016-2017 से आज दिनांक तक ट्रेनिंग एण्ड प्लेसमेंट विभाग रा.गां.प्रौ.वि. मे किसी भी प्रकार का नवाचार कार्यक्रम संपन्न नही किया गया।

Dr. Anil Kothari
Professor (T&P Officer)
Rajiv Gandhi Proudyogiki Vishwavidyalaya
Bhopal (M.P.)